दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 22 मार्च 2020 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए | वर्ष-02, अंक- 172

## महत्वपूर्ण एवं खास

### देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या पहुंची 285

» होशियारपुर और नोएडा में मिला कोरोना का पॉजिटिव

**नोएडा (आरएनएस)।** भारत में कोरोना लगातार अपने पांव पसारता जा रहा है। ताजा मामला पंजाब और यूपी से सामने आया है जहां कोरोना का एक-एक पॉजिटिव मरीज मिला है। पंजाब के होशियारपुर में कोरोना वायरस का मरीज पॉजिटिव पाया गया है। राज्य में दो और मरीजों में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है। शनिवार को चंडीगढ़ के पास मोहाली में एक व्यक्ति के कोरोना वायरस से ग्रस्त पाए जाने की खबर थी। इसके अलावा होशियारपुर में एक व्यक्ति के कोरोना वायरस से ग्रस्त होने की पुष्टि हुई है। पंजाब में अब तक 42 संदिग्ध मरीज सामने आए हैं। वहीं, गौतमबुद्ध नगर के नोएडा सेक्टर 74 में एक व्यक्ति का सैंपल कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। मामला सुपरटेक केपटाउन सोसायटी का है। यह शख्स फ्रांस से लौटा था।

### बैंकॉक से लौटे दंपत्ति ने नहीं दी जानकारी

» पुलिस ने किया मामला दर्ज

**औरंगाबाद (आरएनएस)।** थाईलैंड से आने की बात प्राधिकारियों से कथित रूप से छुपाने के मामले में महाराष्ट्र के जलगांव जिले में एक दम्पत्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैं. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. विदेशों से आने वाले लोगों को कोरोना वायरस के खतरे के कारण अनिवार्य रूप से आइसलेट रहने को कहा गया है, भले ही उनमें बीमारी के लक्षण दिखाई दें या नहीं. जिला प्रशासन की एक सर्वेक्षण टीम ने शुक्रवार को दम्पत्ति का पता लगाया जिसने थाईलैंड की अपनी हालिया यात्रा की बात छुपाई थी. उसने कहा, 'अमलनेर के गजानन नगर इलाके में रहने वाला दम्पत्ति थाईलैंड से आया था. जब टीम से उनसे उनकी यात्रा के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि वे केवल पुणे में अपने बेटे के पास गए थे।

### रेलवे में एकल पिता को भी मिलेगी चाइल्ड केयर लीव

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रेलवे में एकल पिता को भी अब अप्रैल से अपने नन्हे-मुन्नों की देखभाल के लिए चाइल्ड केयर लीव मिलेगी। रेलमंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि सरकार ने लैंगिक समानता और न्याय को बढ़ावा देने के लिए यह फैसला किया है। गोयल ने बताया कि सरकार की नीति के तहत रेलवे में एकल पिता को बच्चे की देखभाल के लिए दो वर्ष का अवकाश मिल सकता है। रेलकर्मी अप्रैल से इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। अभी रेलवे अपनी महिला कर्मियों को बच्चे के जन्म के समय या 18 वर्ष तक के अपने नाबालिग बच्चों की देखभाल के लिए दो वर्ष की चाइल्ड केयर लीव देता है। इसमें कर्मी को एक साल तक पूरा वेतन मिलता है और अगले एक साल 80 फीसदी वेतन दिया जाता है।

### आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केन्द्र को शामिल करने मिली मंजूरी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय आयुष मिशन में आयुष्मान भारत के एक हिस्से के रूप में आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केन्द्र (आयुष एचडब्ल्यूसी) को शामिल करने को मंजूरी दी। आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केन्द्र के संचालन के प्रस्ताव पर वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 की पांच साल की अवधि के दौरान कुल 3399.35 करोड़ रुपये (केन्द्र सरकार 2209.58 करोड़ और राज्य सरकार 1189.77 करोड़ रुपये वहन करेगी) का खर्च आएगा।

### कोरोना के कारण टाला जाए सीएए और एनपीआर का कामः खुर्शीद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दुनिया में कोरोना के भय का माहौल है लेकिन इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने सरकार से बड़ी मांग की है। सलमान खुर्शीद ने सरकार से अगले 3 महीने के लिए राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी (एनआरसी) और नागरिकता संशोधन कानून को टालने की बात कही है।

## साढ़े नौ एकड़ जमीन पर बनेगा नया संसद भवन



### » केंद्र ने भूमि उपयोग बदलाव को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने संसद भवन की नई इमारत और एक केंद्रीय सचिवालय के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि उपयोग बदलाव को मंजूरी दे दी। नया संसद भवन साढ़े नौ एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के भूमि संबंधी बदलाव (सीएलयू) के लिए भेजे गए प्रस्ताव में मौजूदा हरित क्षेत्र को बरकरार रखने का प्रावधान किया गया है। सेंट्रल विस्टा की प्रमुख इमारतें राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, नार्थ व साउथ ब्लॉक, इंडिया गेट, नेशनल आर्काइव्स का निर्माण 1931 से पहले का है। केंद्रीय सचिवालय के लिए विभिन्न मंत्रालयों की इमारतें जरूरत के हिसाब से खाली भूखंडों पर बेतरतीब तरीके से किया गया है। संसद भवन की इमारत वर्ष 1927 में बनी है, जिसे अब हेरिटेज बिल्डिंग घोषित किया जाएगा। मौजूदा भवन में जगह कम होने की वजह से संसदीय जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। प्रस्तावित कॉमन सेंट्रल सचिवालय की इमारतें एक साथ बनाई जाएंगी, जो सभी आधुनिकतम सुविधाओं से लैस होंगी। राजपथ की सुंदरता को और बढ़ाने के लिए हरित पट्टी और पानी की कृत्रिम नहरों को और सुंदर बनाया जाएगा। संसद की नई इमारत मौजूदा संसद भवन के सामने की जगह के साढ़े नौ एकड़ भूमि में बनेगी। इसकी चौहद्दी के उत्तरी छोर पर रेडक्रास रोड, दक्षिण में रायसीना रोड और पश्चिम में संसद भवन होगा। जबकि दूसरा भूखंड मौजूदा शास्त्री भवन का है, जहां 5.88 एकड़ में सरकारी कार्यालय बनेगा। सेंट्रल विस्टा की कोई भी इमारत इंडिया गेट से अधिक ऊंची नहीं होगी।

## जनता कर्फ्यू के दिन भी जारी रहेगा शाहीनबाग धरना

### » चार घंटे करेंगे प्रदर्शन




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** शाहीनबाग में नागरिकता संशोधन कानून(सीएए) के विरोध में पिछले तीन महीने से चल रहे प्रदर्शन में शामिल प्रदर्शनकारियों ने कोरोना वायरस की मौजूदा परिस्थिति में फैसला किया है कि किसी भी प्रदर्शनकारी को अब चार घंटे से ज्यादा प्रदर्शन स्थल पर बैठने की इजाजत नहीं होगी।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि कोरोना वायरस महामारी की बढ़ती समस्या के कारण रविवार से यहां आने वाला कोई भी प्रदर्शनकारी सिर्फ चार घंटे ही धरनास्थल पर रहेगा और उसके बाद वह यहां से चला जाएगा। यह व्यवस्था रविवार से लेकर कोरोनावायरस की समस्या समाप्त होने तक या कानून वापस होने तक जारी रहेगी। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि रविवार को जनता कर्फ्यू के दौरान धरनास्थल पर माइक से किसी तरह की कोई घोषणा नहीं होगी। प्रदर्शनकारियों ने यह भी फैसला किया है कि प्रदर्शनस्थल पर बच्चे और बुजुर्ग मौजूद नहीं होंगे और विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से होगा।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने गुरुवार रात आठ बजे कोरोना वायरस को देखते हुए सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक जनता कर्फ्यू का ऐलान किया है। इसके बाद से ही लगातार यह सवाल उठ रहा है कि शाहीनबाग के लोग रविवार के दिन प्रदर्शन करेंगे या नहीं? इसके बाद ही शाहीनबाग की तरफ से यह फैसला किया गया है।

## राष्ट्रपति कोविंद भी कराएंगे कोरोना टेस्ट

### » सांसद दुष्यंत सिंह ने की थी मुलाकात



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी अपना कोरोना टेस्ट करवाएंगे। उन्होंने यह फैसला बीजेपी सांसद दुष्यंत सिंह के कोरोना पीड़ित गायिका कनिका कपूर की ओर से दी गई पार्टी में शामिल होने की खबर सामने आने के बाद लिया है। कनिका से मिलने के बाद दुष्यंत सिंह राष्ट्रपति से मिले थे।

राष्ट्रपति भवन के द्वारा जारी की गई सूचना में कहा गया है कि सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश का अनुसरण राष्ट्रपति भी करेंगे। राष्ट्रपति ने अगले आदेश तक अपने सभी कार्यक्रमों को भी रद्द कर दिया है। इस बीच दुष्यंत सिंह के साथ किसी न किसी कार्यक्रम में रहे सांसद और अन्य लोग भी अपने आपको अलग-थलग कर रहे हैं। बॉलीवुड की मशहूर सिंगर कनिका कपूर के कोरोना पॉजिटिव होने के बाद राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और उनके सांसद बेटे दुष्यंत सिंह भले ही सेल्फ आइसोलेशन में चले गए हैं, मगर इस खबर से उत्तर प्रदेश और राजस्थान के 96 सांसद परेशान हो गए हैं। दुष्यंत सिंह के संपर्क में आने वाले सांसद आइसोलेशन में जाने लगे हैं। मिजार्पुर की सांसद अनुप्रिया पटेल ने इसकी शुरुआत की। दरअसल, 18 मार्च को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उत्तर प्रदेश और राजस्थान के सांसदों को ब्रेकफॉस्ट पर बुलाया था। इसमें कुल 96 सांसदों ने हिस्सा लिया था। झालवाड़-बारां से सांसद दुष्यंत सिंह भी इस पार्टी में पहुंचे थे और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की मौजूदगी में हुई इस पार्टी में सभी सांसदों के साथ मेलमिलाप में शामिल रहे। इससे ठीक दो दिन पहले ही 16 मार्च को दुष्यंत सिंह लखनऊ में कनिका कपूर की पार्टी में शामिल होकर लौटे थे।

शुक्रवार को जैसे ही कनिका कपूर के कोरोना पॉजिटिव होने की खबर आई, वसुंधरा राजे और उनके बेटे दुष्यंत सिंह ने सेल्फ आइसोलेशन में जाने का ऐलान किया। इस खबर के बाद राष्ट्रपति भवन के ब्रेकफॉस्ट पार्टी में हिंस्सा लेने वाले अन्य सांसद भी डर गए। ब्रेकफॉस्ट में शामिल पूर्व केंद्रीय मंत्री और मिजार्पुर सांसद अनुप्रिया पटेल ने भी सेल्फ आइसोलेशन में जाने की बात कही है। राष्ट्रपति भवन में हुई इस पार्टी में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, जनरल वीके सिंह, गजेंद्र शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, कैलाश चौधरी, साध्वी निरंजन ज्योति, सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौर, विजय गोयल, ओम माथुर, रविकिशन, हेमामालिनी, रीता बहुगुणा जोशी, साक्षी महराज और मुक्केबाद मैरीकॉम जैसे प्रमुख चेहरों ने हिस्सा लिया था। सूत्रों का कहना है कि दुष्यंत के साथ ब्रेकफॉस्ट में हिस्सा लेने वाले अन्य सांसदों में भी हड़कंप मचा है। ज्यादातर कोरोना की जांच कराने और सेल्फ आइसोलेशन में जाने की तैयारी कर रहे हैं।

## हरियाणा से दिल्ली बसों के आवागमन पर रोक

### » जनता कर्फ्यू का असर



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जनता कर्फ्यू के दौरान रविवार को दिल्ली एनसीआर में अधिकांश स्थानों पर सार्वजनिक बस प्रणाली बंद रखी जाएगी। दिल्ली से सटे मिलेनियम सिटी गुड़गांव से दिल्ली आने-जाने वाली सभी बसों को बंद रखने का फैसला लिया गया है। गुड़गांव में अभी तक कोरोनावायरस के 4 मामलों की पुष्टी हो चुकी है। इसके अलावा हरियाणा सरकार ने जनता कर्फ्यू के दौरान राज्य परिवहन की सभी बसों को बंद रखने का निर्णय लिया है।

हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आहूत जनता कर्फ्यू के दृष्टिगत 22 मार्च, रविवार को सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक राज्य परिवहन की सभी बसों का संचालन बंद रहेगा। इसके अलावा उन्होंने सामान्य दिनों में डिपो महाप्रबंधकों से सवारियों की उपलब्धता को देखते हुए मार्ग पर जाने वाली बसों में कटौती करने तथा आगामी आदेशों तक सभी ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों को भी बंद करने को कहा है।

मूलचंद शर्मा ने कहा राज्य सरकार कोरोनावायरस को फैलने से रोकने के लिए हर स्तर पर कार्य कर रही है और इसी दिशा में 22 मार्च को बसों का संचालन बंद करने का फैसला लिया गया है।



## तीस्ता नदी पर निर्मित पुल यातायात के लिए खुला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उत्तरी सिक्किम में लाचेन के नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए सीमा सड़क संगठन ने आज चुंगथांग कस्बे के निकट मुंशीथांग में तीस्ता नदी बने 360 फुट लम्बे झूला पुल को यातायात के लिए खोल दिया। 758 सीमा सड़क कार्यबल (बीआरटीएफ) की 86 सड़क निर्माण कंपनी (आरसीसी) ने स्वास्तिक परियोजना के अतंर्गत अक्तूबर 2019 में इस पुल का निर्माण शुरू किया था और जनवरी 2020 में यह बनकर तैयार हो गया। इसके अतंर्गत पुल के संपर्क मार्गों का निर्माण भी किया गया है। इस पुल से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और दुर्गम इलाकों में तैनात सैन्यबलों के लिए ढुलाई आसान हो जाएगी। जून 2019 में इसी स्थान पर बना 180 फुट लम्बा पुल बादल फटने से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे सिक्किम के उत्तरी जिले में संचार व्यवस्था भी ठप हो गई थी। प्रतिबंधित सैन्य क्षेत्र के माध्यम से ही सम्पर्क बना हुआ था।

## तीन दिन तक बंद रहेंगे दिल्ली के बाजार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आज दिल्ली के सभी बाजार बंद रहेंगे। ये बाजार तीन दिनों तक बंद रहेंगे। कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल के मुताबिक डेयरी, दवाएं, सब्जी और राशन की दुकानें खुली रहेंगी, ताकि लोगों को दिक्कत न हो और उनकी आम जरूरते पूरी होती रहें। दिल्ली में 21, 22 और 23 मार्च 2020 को बाजार बंद रहेंगे। 23 मार्च की शाम को एसोसिएशन स्थिति की समीक्षा किए जाने के बाद आगे के बारे में फैसला करेगी। गौरतलब है कि राजधानी दिल्ली में दिल्ली सरकार के आदेश के बाद सभी मॉल पहले ही बंद किए जा चुके हैं। खान मार्केट रविवार और सोमवार को बंद रहेगा। दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाले सभी गैरजरूरी दफ्तर और सेवाएं 31 मार्च तक बंद कर दी गई हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देश को संबोधित करते हुए लोगों से 22 मार्च को जनता कर्फ्यू का पालन करने की अपील की थी। रविवार 22 मार्च 2020 को लोगों से सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक जनता कर्फ्यू का पालन करने की अपील की गई है। जनता कर्फ्यू को सफल बनाने के लिए रेलवे ने शनिवार रात 12 बजे से रविवार रात 10 बजे के बीच शुरू होने वाली सभी ट्रेनें रद्द कर दी है। जो ट्रेनें पहले से चल रही हैं और शनिवार रात 12 बजे तक अपने गंतव्य स्थान को नहीं पहुंच पाई हैं उन्हें अपने गंतव्य स्टेशन तक जाने दिया जाएगा।

## राज्यसभा के कामकाज में बढ़ोतरी

### » बजट सत्र के तीसरे सप्ताह का रिकार्ड

**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** संसद के बजट सत्र के दूसरे भाग में शुरुआती दो सप्ताह के दौरान विभिन्न मुद्दों पर राज्यसभा में हंगामे के कारण कामकाज बाधित रहने के बाद तीसरे सप्ताह में उच्च सदन के कामकाज में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है।

राज्यसभा सचिवालय द्वारा की गयी सदन के कामकाज की साप्ताहिक समीक्षा के अनुसार चालू सत्र के तीसरे सप्ताह में उच्च सदन में 106 प्रतिशत काम हुआ।



तीसरे सप्ताह के दौरान 16 से 20 मार्च तक के कामकाज के बारे में राज्यसभा सचिवालय द्वारा शनिवार को दी गयी जानकारी के अनुसार बजट सत्र के दूसरे भाग के पहले सप्ताह में मात्र 9.5 प्रतिशत काम ही हुआ था। पिछले दो सप्ताह में कामकाज की मात्रा में तेजी से इजाफा दर्ज करते हुये दूसरे सप्ताह में यह बढ़कर 82.6 प्रतिशत और तीसरे सप्ताह में 106 प्रतिशत तक पहुंच गया है। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस के संकट के मद्देनजर 19 मार्च को सदस्यों द्वारा सदन की बैठक स्थगित करने की मांग पर सभापति एम वेंकैया नायडू ने कहा था कि स्थगन समस्या का समाधान नहीं है। कोरोना के कारण सभी यात्रा सेवायें प्रभावित होने की वजह से नायडू ने सप्ताहांत के अवकाश के बाद सोमवार को सदन की बैठक दिन में 11 बजे के बजाय दोपहर दो बजे आहूत करने की घोषणा की थी।

तीसरे सप्ताह में पांच कार्यदिवस के दौरान सदन की बैठक निर्धारित अवधि 28 घंटा 30 मिनट के बजाय 30 घंटा 28 मिनट तक चली। इस दौरान सदन की कार्यवाही विभिन्न कारणों से एक घंटा दस मिनट बाधित रही। इस सप्ताह कुछ दिनों में भोजनावकाश के दौरान भी सदन में कामकाज होने के कारण तीन घंटे अतिरिक्त काम हुआ।

### » गो एयर और इंडिगो ने भी क अपनी सभी उड़ानें रद्द

## जनता कर्फ्यू के कारण आज रद्द की गई 3700 ट्रेनें



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों से जनता कर्फ्यू की अपील की है। इसे सफ्ल बनाने के लिए भारतीय रेलवे ने अपनी 3700 पैसेंजर और लंबी दूरी की मेल एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द करने की घोषणा की है। वहीं दूसरी तरफ निजी क्षेत्र की एयरलाइंस गो एयर और इंडिगो ने भी रविवार को अपनी सभी उड़ाने रद्द कर दी हैं।

रेलवे के आदेश के अनुसार शनिवारध्रविवार मध्यरात्रि से रविवार रात 10 बजे के बीच देश के किसी भी रेलवे स्टेशन से कोई भी यात्री या एक्सप्रेस ट्रेन नहीं चलेगी। यह आदेश शुक्रवार शाम को जारी किया गया है। रेलवे बोर्ड का कहना है कि मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और सिकंदराबाद में उपनगरीय रेल सेवाओं में कटौती की जाएगी और केवल उतनी ही ट्रेनें चलाई जाएंगी जिससे जरूरी यात्राएं संभव हो सकें। हर जोन को यह शक्ति दी जाती है कि वह इस बात का फैसला लें कि रविवार को वह कितनी ट्रेनों को चलाने की इजाजत देंगे।

गो एयर ने रविवार की उड़ानें रद्द कीं

गो एयर ने रविवार को जनता कर्फ्यू के दिन स्वेच्छा से अपनी सभी उड़ानें रद्द करने की घोषणा की है। एयरलाइन ने शुक्रवार को कहा, श्गो एयर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तावित जनता कर्फ्यू के समर्थन में रविवार 22 मार्च को स्वेच्छा से अपनी सभी उड़ानें रद्द करने का फैसला लिया है। वहीं गो एयर और इंडिगो के बाद विस्तारा ने भी रविवार को अपनी घरेलू उड़ानों में कटौती करने का ऐलान किया। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, श्जनता कर्फ्यू के मद्देनजर विस्तारा 22 मार्च को अपनी उड़ानों में कटौती करेगा। उड़ानें रद्द होने से प्रभावित यात्रियों से जल्द संपर्क किया जाएगा।श

**इंडिगो महज 60 फीसदी घरेलू उड़ानों का करेगी परिचालन**

इंडिगो ने शुक्रवार को कहा कि रविवार को 'जनता कर्फ्यू' के मद्देनजर वह महज 60 प्रतिशत घरेलू उड़ानों का परिचालन करेगी। इसके अलावा, इस महामारी के चलते एयरलाइन की मांग में कमी आई है, उसके मद्देनजर वह अपनी घरेलू उड़ानों में फिलहाल 25 प्रतिशत कमी कर रही है। इंडिगो ने कहा कि 22 मार्च को रविवार के दिन के लिए प्रधानमंत्री द्वारा 19 मार्च को घोषित किये गये जनता कर्फ्यू के मद्देनजर एयरलाइन अपने सामान्य उड़ानों में से करीब 60 फीसदी का ही संचालन करेगी।